प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 09.04.2025 समय : 01:00 पी.एम.

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज श्रीगंगानगर के नई धान मंडी में सरसों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की शुरूआत की। उन्होंने किसानों और व्यापारियों से संवाद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों को समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को बढाया है। इसके साथ ही सरकार किसानों से बड़ी मात्रा में उनकी उपज खरीद रही है।

……………………………………………

इससे पहले मुख्यमंत्री ने जन सुनवाई की। उन्होने अधिकारियों को लोगों की शिकायतों और समस्याओं का जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। श्री शर्मा शिवपुर हेड का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद उनका डाबला के विश्नोई मंदिर में दर्शन का कार्यक्रम है। वे बुढ्ढा जोहड गुरूद्वारे में आयोजित कार्यक्रम में भी भाग लेंगे।

……………………………………………

शिक्षा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट के दौरान प्रदेशभर में शिक्षा के क्षेत्र में 261 एमओयू किये गये। इनमें से मार्च महीने तक 17 एमओयू धरातल पर उतारे जा चुके है। बाकी का काम तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने आज जयपुर के शिक्षा संकुल में राईट टू एज्यूकेशन–आरटीई के तहत प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की लॉटरी निकालने के बाद ये बात कही। उन्होंने कहा कि सभी एमओयू के धरातल पर आने से इस क्षेत्र में 15 हजार 495 करोड़ रूपये का निवेश होने की संभावना है।

……………………………………………

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आध्यात्मिक प्रार्थना– नवकार महामंत्र केवल एक मंत्र नहीं है बल्कि आस्था का केन्द्र है। आज नई दिल्ली में नवकार महामंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इस महामंत्र का महत्व केवल आध्यात्मिक नहीं है बल्कि यह जीवन की कुंजी है। उन्होंने कहा कि यह महामंत्र स्व से समाज और जन से जग तक की यात्रा का पथ दर्शाता है। आयोजन के दौरान प्रधानमंत्री ने 108 से अधिक देशों से आए लोगों के साथ नवकार महामंत्र का जाप किया। नवकार महामंत्र जैन धर्म का सर्वाधिक पावन मंत्र है। मंत्र का सामूहिक मंत्रोच्चार लोगों को एक सूत्र में पिरोता है।

……………………………………………

भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 25 आधार अंकों की कमी की है। अब रेपो दर छह प्रतिशत हो गई है। रिजर्व बैंक ने पांच वर्ष में लगातार दूसरी बार रेपो दर घटाई है। इससे पहले फरवरी में रेपो दर कम की गई थी। आज मुम्बई में रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया कि छह सदस्यों की मौद्रिक समिति ने इस वित्त वर्ष की पहली बैठक में सर्व–सम्मति से रेपो दर कम करने का फैसला किया। श्री मल्होत्रा ने कहा कि 2025–26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान छह दशमलव सात प्रतिशत से घटाकर छह दशमलव पांच प्रतिशत किया गया है। उन्होंने कहा कि खुदरा महंगाई दर 2025–26 में चार प्रतिशत रहने की संभावना है। समिति की बैठक सात अप्रैल को शुरू हुई थी।

……………………………………………

राज्य में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। अधिकांश स्थानों पर दिन का तापमान 44 से 46 डिग्री सैल्सियस के बीच बना हुआ है। वहीं ज्यादातर स्थानों पर रात के तापमान में भी बढोतरी दर्ज की गई है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार अगले 24 घंटों में एक पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से राज्य के पश्चिमी और उत्तरी भागों में कहीं–कहीं आंधी के साथ हल्की बारिश की संभावना है। इससे तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आ सकती है। इस बीच मौसम विभाग ने गर्मी से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की है। लोगों को अधिक से अधिक पानी पीने तथा लस्सी, छाछ और नींबू

पानी का सेवन कर खुद को हाइड्रेड रखने की सलाह दी है। फसलो को बचाने के लिए किसानों को नियमित रूप से सुबह और शाम सिंचाई करने को कहा गया हैं।

.....................................................

आईपीएल टी–20 क्रिकेट में आज शाम अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला गुजरात टाइटन्स से होगा। मैच शाम साढे सात बजे शुरू होगा। चंडीगढ़ में कल रात खेले गए मैच में पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 18 रन से हराया। एक अन्य मैच में कल लखनऊ सुपर जायंट्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को चार रन से हरा दिया।

.....................................................

आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए आज प्रदेशभर में अटल जनसेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर हर महीने के दूसरे गुरूवार को लगाये जाते है, लेकिन इस बार गुरूवार को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण इन शिविरों का आयोजन आज किया जा रहा है। ब्लॉक स्तर पर लगाये गये इन शिविरों में आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका मौके पर ही निस्तारण किया जा रहा है।

.....................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम 27 अप्रेल को होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम की ये 121वीं कड़ी होगी। इसके लिए 25 अप्रेल तक श्रोता अपने सुझाव भेज सकते हैं। इन्हें टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 के माध्यम से दिया जा सकता है। वहीं नरेंद्र मोदी एप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं।

.....................................................